हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 24 मार्च 2024, समय 1305 (5 मिनट))

स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पत्र लिखकर गर्मी के महीनों के दौरान अस्पतालों में आग लगने की घटनाओं से बचाव के लिए तत्काल एहतियाती उपाय करने को कहा है। सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को लिखे पत्र में स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्रा ने कहा कि गर्मी के महीनों में तापमान बढ़ने के कारण अस्पताल में आग, बड़ा खतरा बन जाती है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से अनुरोध किया कि वे राज्य स्वास्थ्य विभागों और राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों को एकसाथ मिलकर काम करने का निर्देश दें ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उनके अधिकार क्षेत्र के सभी मान्यता प्राप्त अस्पतालों में आग लगने की घटनाओं को रोकने के लिए तत्काल कार्रवाई की गई है। इसमें कहा गया है कि अस्पतालों को अग्निशामक यंत्र, हाइड्रेंट और अलार्म जैसे अग्निशमन उपकरणों का नियमित रूप से निरीक्षण करना चाहिए।

....

आज विश्व क्षय रोग दिवस है। टीबी के बारे में जागरूकता बढ़ाने और वैश्विक टीबी महामारी को समाप्त करने के प्रयासों को तेज करने के लिए हर वर्ष 24 मार्च को यह दिवस मनाया जाता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कल देशवासियों से भारत को टीबी मुक्त बनाने का आह्वान किया। राष्ट्रपति ने टीबी के बारे में जन जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से यह दिवस मनाए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इससे क्षय रोग को नियंत्रित करने की चुनौतियों के बारे में लोग जागरूक हो सकेंगे।

....

हरियाणा में लगभग सभी जगह छोटी होली और होलिका दहन का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है!

भिवानी में आज होली के त्यौहार को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया। लोगों ने शहर में कई जगह होली मनाई सुबह से ही लोगों ने होली का पूजन करना शुरू किया। महिलाएं सज-धजकर पूजा करने के लिए पहुंची। महिलाओं ने होली के चारों ओर चक्कर लगाया और धागा बंधा तथा होली को पानी चढ़ाया। पूजा करने आई महिलाओं ने बताया कि होली पूजन को लेकर उनकी गहरी आस्था है। महिलाओं का कहना था कि जिस तरह भक्त प्रहलाद की रक्षा भगवान ने की उसी तरह वे अपने बच्चों की रक्षा की कामना के लिए होली का पूजन करती हैं तथा व्रत रखती है।

भिवानी के पुलिस अधीक्षक ने जिला भर में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा हुडदंग करने वाले मनचलों से सख्ती से निपटने के पुलिस कर्मचारियों को आदेश दिए हैं।

उन्होंने बताया कि होली के पर्व पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए भिवानी पुलिस द्वारा जिल में 17 स्थाई पुलिस नाकों के अलावा 27 पुलिस नाके अतिरिक्त लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिला में 16 पैदल गस्त लगाई गई हैं।

कैथल जिले में होली का पर्व हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया जा रहा है। गली में बच्चे और बड़े एक दूसरे पर पानी की बौछार कर और आपस में रंग गुलाल लगाकर होली बनाते दिखे। शहर की सामाजिक संस्थाओं द्वारा फूलों की होली खेली जा रही है और भजन कीर्तन के माध्यम से कृष्ण भजन सुनाए जा रहे हैं।

फरीदाबाद पुलिस कमिश्नर राकेश कुमार आर्य ने होली के अवसर पर शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस अधिकारियों को विशेष चौकसी बरतने के आदेश दिए हैं। असमाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई व सभी थाना व चौकी प्रभारियों को अपने अपने इलाके में गश्त करने के दिशा निर्देश दिए है।

पुलिस आयुक्त ने डीसीपी ट्रैफिक को त्यौहार के चलते नाकाबन्दी कर चैकिंग करके शराब पीकर गाडी चलाने वालों, ब्लैक फिल्म, ट्रिपल राईडर के चालान करने के निर्देश दिए है। सभी अपराध शाखाओं को मार्किट व भीड भाड वाले क्षेत्र में गश्त करने के निर्देश दिए गए है।

....

हरियाणा भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम करनाल में कार्यरत बिजली विभाग के कनिष्ठ अभियंता को 85000 रूपये की रिश्वत लेने पर गिरफ्तार किया। आरोपी द्वारा शिकायतकर्ता से निर्धारित लोड से अधिक क्षमता के ट्रांसफार्मर को लगाने के लिए रिश्वत मांगी गई थी। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने मामले की जांच पड़ताल करने उपरांत आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो करनाल के पुलिस थाने में मामला दर्ज करते हुए उनकी गिरफ्तारी की है।

....

आईपीएल क्रिकेट में कल कोलकाता नाइट राइडर्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को मात्र 4 रन से हरा दिया। कोलकाता के ईडन गार्डेन्स में सनराइजर्स हैदराबाद ने जीत के लिए 209 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 204 रन बनाए। इससे पहले कल दिन के पहले मैच में पंजाब किंग्स ने चंडीगढ़ में दिल्ली कैपिटल्स को चार विकेट से पराजित किया। आज दोपहर साढ़े तीन बजे जयपुर में राजस्थान रॉयल्स का मुकाबला लखनऊ सुपर जाइंट्स से होगा। शाम साढ़े सात बजे अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस का मुकाबला मुंबई इंडियंस से होगा।

....

भारतीय रेलवे ने होली के त्यौहार के मद्देनज़र यात्रियों की सुगम और आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए 540 ट्रेनें चलाई है। रेल मंत्रालय ने कहा, देश भर के प्रमुख स्थलों को रेल मार्गों से जोड़ने के लिए ट्रेनों की योजना बनाई गई है। दिल्ली-पटना, दिल्ली-भागलपुर, दिल्ली-मुजफ्फरपुर, दिल्ली-सहरसा, गोरखपुर-मुंबई, कोलकाता-पुरी, गुवाहाटी-रांची और नई दिल्ली-श्री माता वैष्णो देवी कटरा इनमें से कुछ है। मंत्रालय ने कहा कि पिछले साल की तुलना में इस त्योहारी सीजन के लिए 219 से अधिक ट्रेनें जोड़ी गई हैं।

....